# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. नई शिक्षा नीति – 2020 पर आधारित अध्यादेश लागू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय कौनसा है?**

(A) महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

(B) हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय

(C) महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय

(D) इनमें से कोई नही

- अजमेर में MDSU (महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय) NEP (नई शिक्षा नीति – 2020) आधारित अध्यादेश लागू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बना।
- इसके लिए 24 मार्च 2025 को एक दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया।
- महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मंगलवार को विश्वविद्यालय के स्वराज सभागार में एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया।

## Yesterday Revision

01. वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रथम गणना समय पर पूर्ण करने पर जल शक्ति मंत्रालय ने राजस्थान को शील्ड एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है

02. कुसुम कम्पोनेंट-ए में 686 मेगावाट के 496 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। इसमें राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

03. एक दिवसीय 'राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स कॉन्क्लेव – 2026 (जीसीसी)' का 25 मार्च को जयपुर में आयोजन हुआ ।

04. केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की 40वीं रिपोर्ट के मुताबिक प्रशासन को मिलने वाली शिकायतों के समाधान में राजस्थान छठे स्थान पर है

05. लोक कलाकार पद्मश्री अनंवर खां मांगणियार को संगीत नाटक अकादमी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A)राजस्थान में घुमंतू, अर्द्ध-घुमंतू और विमुक्त जाति के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्कूल ऑन व्हील्स मॉडल लागू होगा

(B) मोबाइल स्कूलों में शिक्षक, पाठ्य सामग्री, किताबें और डिजिटल शिक्षण साधनों की व्यवस्था की जाएगी

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में अब पलायन करने वाले परिवारों के बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी। राज्य सरकार घुमंतू, अर्द्ध-घुमंतू और विमुक्त जाति के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्कूल ऑन व्हील्स मॉडल लागू करने की तैयारी कर रही है।
- इसके तहत चलित स्कूल या मोबाइल शिक्षा वाहन उन क्षेत्रों में भेजे जाएंगे, जहां घुमंतू परिवार लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते रहते है और बच्चों की पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है।
- ऐसे में अब स्कूल को बच्चों तक पहुंचाने की रणनीति बनाई जा रही है। मोबाइल स्कूलों में शिक्षक, पाठ्य सामग्री, किताबें और डिजिटल शिक्षण साधनों की व्यवस्था की जाएगी
- राजस्थान में घुमंतू, अर्द्ध-घुमंतू और विमुक्त समुदायों की 50 से अधिक जातियां निवास करती

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) उदयपुर के भगत की कोठी रेलवे स्टेशन को हाईटेक कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा

(2) इस परियोजना पर लगभग 397.69 करोड़ रुपये का खर्च प्रस्तावित है।

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के जोधपुर शहर को रेलवे क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने गृह जिले को मेगा रेलवे हब के रूप में विकसित करने की मंजूरी प्रदान की है।
- इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत भगत की कोठी रेलवे स्टेशन को हाईटेक कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा
- इस परियोजना पर लगभग 397.69 करोड़ रुपये का खर्च प्रस्तावित है। योजना का मुख्य उद्देश्य जोधपुर की रेल संचालन क्षमता को बढ़ाना और इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक प्रमुख रेलवे केंद्र के रूप में स्थापित करना है।
- प्रस्तावित विकास कार्यों के तहत स्टेशन पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं, बेहतर प्लेटफॉर्म व्यवस्था, विस्तारित रेल संचालन प्रणाली और तकनीक आधारित प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाएगी।

**03. उच्च शिक्षण संस्थानों की डिग्रियों को नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) के डिजी लॉकर में अपलोड करने में राजस्थान देशभर में कौनसे स्थान पर है?**

(A) 9वें

(B) 7वें

(C) 5वें

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- डिजिटल इंडिया मिशन के तहत प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों ने विश्वविद्यालयों की ओर से दी जाने वाली डिग्रियों को नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) के डिजी लॉकर में अपलोड करने में राजस्थान देशभर में टॉप-10 में शामिल हो गया है।
- 3 साल के एकेडमिक रिकॉर्ड में देश में पहले नंबर पर यूपी और 10वें नंबर वेस्ट बंगाल है।
- वहीं, देशभर में राजस्थान के 123 उच्च स्तर के शिक्षण संस्थानों ने एनएडी पोर्टल पर रजिस्टर्ड करवाया है। देश में राजस्थान वर्ष 2023 और 2024 में चौथे और वर्ष 2025 में 5वें नंबर पर रहा। यह जानकारी भास्कर की ओर से एनालिसिस के दौरान सामने आई।
- यह डिजिटल पहल ईको फ्रेंडली के साथ नौकरी या प्रवेश के समय शशेयर कर सको पर भी रोक लगेगी।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) दैनिक भास्कर राजस्थान के रिपोर्टर अवधेश आकोदिया और विजयपाल डूडी को रामनाथ गोयनका एक्सीलेंस इन जर्नलिज्म अवॉर्ड्स-2026 मिला

(2) हिंदी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टिंग' का पुरस्कार। अवधेश आकोदिया

**सही कथन चुनिए:**



(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- दैनिक भास्कर के दो पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में देश के सबसे प्रतिष्ठित 'रामनाथ गोयनका एक्सीलेंस इन जर्नलिज्म अवॉर्ड्स-2026' से सम्मानित किया गया।
- 27 मार्च को दिल्ली में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दैनिक भास्कर राजस्थान के रिपोर्टर अवधेश आकोदिया और विजयपाल डूडी को उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए यह अवॉर्ड दिया।
- यह अवॉर्ड इंडियन एक्सप्रेस समूह के संस्थापक रामनाथ गोयनका की स्मृति में हर साल उन पत्रकारों को दिया जाता है, जिन्होंने अपनी खबरों से समाज में गहरा प्रभाव डाला हो।
- हिंदी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रिपोर्टिंग' का पुरस्कार। अवधेश आकोदिया ने बांग्लादेश से भारत में हो रही किडनी तस्करी के बड़े रैकेट का खुलासा किया।
- अनकवरिंग इंडिया इनविजिबल' श्रेणी में सम्मान। विजयपाल डूडी ने उदयपुर क्षेत्र में गरीब आदिवासी परिवारों के बच्चों की खरीद-फरोख्त के गिरोह का खुलासा किया था।

**05. वर्ष 2025-26 की अंडर-20 पुरुष राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार कहां होगा?**

(A) उदयपुर

(B) चित्तौड़गढ़

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- सम्पूर्ण प्रदेश में फुटबाल को बढ़ावा देने की दिशा में अहम पहल करते हुए राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन ने वर्ष 2025-26 की अंडर-20 पुरुष राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ को सौंपा है।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन छह से नो अप्रैल तक में किया जाएगा

जयपुर, बुधवार, 25 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-35

1. **राज्य** में सेमीकंडक्टर अनुसंधान, डिजाइन और उत्पादन का मजबूत इकोसिस्टम विकसित करने के लिए हाल ही में कौन सी नीति जारी की गई है?
(A) राजस्थान आईटी एवं ई-गवर्नेंस पॉलिसी-2025
(B) राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2026
(C) मेक इन राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स पॉलिसी-2026
(D) राजस्थान सिलिकॉन वैली मिशन-2026

2. **राजस्थान** सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2026 के तहत के तहत निवेशकों को 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत स्वीकृत पूंजी सब्सिडी का कितना प्रतिशत अनुदान के रूप में दिया जाएगा?
(A) 25 प्रतिशत (B) 40 प्रतिशत
(C) 50 प्रतिशत (D) 60 प्रतिशत

3. **राजस्थान** का 'प्रथम ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट' कहां निर्माणाधीन है?
(A) किशनगढ़ (अजमेर)
(B) कोटा-बूंदी
(C) उत्तरलाई (बाड़मेर)
(D) कोलाना (झालावाड़)

4. **श्री अन्नपूर्णा** रसोई योजना के तहत वर्तमान में भोजन थाली की कुल मात्रा कितनी निर्धारित की गई है?
(A) 450 ग्राम
(B) 500 ग्राम
(C) 600 ग्राम
(D) 750 ग्राम

5. **माही** बांध राजस्थान के किस जिले में स्थित है, जो वागड़ अंचल में सिंचाई और बिजली उत्पादन का प्रमुख केंद्र है?
(A) डूंगरपुर
(B) प्रतापगढ़
(C) चित्तौड़गढ़
(D) बांसवाड़ा

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

**Q. हाल ही में राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स कॉन्क्लेव – 2026 (जीसीसी)' का आयोजन कहां किया गया?**

(A) बीकानेर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine